# वस्त्रा 2012 को उम्मीद से भी अधिक समर्थन मिला : मुख्य सचिव

## प्रदर्शकों ने ‘वस्त्रा’ को जमकर सराहा

जयपुर, 23 नवंबर। राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री सी.के मैथ्यू ने आज यहां कहा कि ‘वस्त्रा 2012’ को जो समर्थन हासिल हुआ, वह उम्मीद से भी ज्यादा है और अब हमारे सामने चुनौती है इस साख की बुनियाद पर इसे और ऊंचाई पर ले जाना।

सुबह प्रदर्शनी मैदानों का जायजा लेने गए श्री मैथ्यू ने कहा कि उन्हें प्रतिभागियों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा, ‘‘हम इस गति को बनाए रखना चाहेंगे।’’ मैथ्यू ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने एक घोषणा की है कि सरकार अगले कुछ महीनों में ही अलग से एक वस्त्र नीति तैयार कर लेगी। उन्होंने कहा, ‘‘यह नीति वस्त्र क्षेत्र का मार्गदर्शन करेगी।’’

इस दौरे में मुख्य सचिव का साथ देने वाले रीको चेयरमैन श्री सुनील अरोड़ा ने कहा कि ‘वस्त्रा 2012’ के उद्घाटन के दौरान माननीय मुख्यमंत्री की ओर से की गई यह घोषणा वस्त्र उद्योग पर अधिक ध्यान दिए जाने की सरकार की नीति की पुष्टि करती है।

श्री मैथ्यू ने राजस्थान पेवेलियन का भी दौरा किया और कुछ प्रदर्शकों से बात की। उन्होंने स्पिनीड (राजस्थान राज्य सहकारी स्पिनिंग एवं गिनिंग मिल्स फेडरेशन), जयपुर के मार्केटिंग मैनेजर श्री सुरेश आचार्य से विभिन्न उत्पादों की बाजार स्थितियों के बारे में पूछा। श्री आचार्य ने मुख्य सचिव को बताया कि वस्त्रा 2012 में भावी क्रेताओं की ओर से उत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया मिली है और उन्होंने कारोबार के विविध पहलुओं की जानकारी हासिल की है। उन्होंने कहा कि उद्योग क्षेत्र को मानव श्रम का घोर अभाव झेलना पड़ रहा है, लेकिन परिदृश्य वाकई बेहद आशाजनक है।

वस्त्रा 2012 में भाग लेने वाले प्रदर्शकों ने इस मेले की भरपूर सराहना करते हुए इसे वस्त्र कारोबारी समुदाय के लिए सपने पूरा होने जैसा करार दिया।

महाराणा ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री ललित ठुकराल ने रीको एवं फिक्की अधिकारियों के साथ एक बैठक में कहा कि जयपुर इस तरह के व्यापार मेले के लिए ‘स्वाभाविक पसंद’ है। उन्होंने कहा, ‘‘दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सों में कई वस्त्र मेले आयोजित किए जाते रहे हैं, लेकिन आदर्श माहौल, पर्याप्त जगह एवं एक फलते–फूलते वस्त्र कारोबारी समुदाय की मौजूदगी के कारण राजस्थान ऐसे वस्त्र मेले के लिए एक आदर्श ठिकाना है।’’

श्री ठुकराल ने वस्त्रा के आयोजन एवं इसके लिए आदर्श माहौल पैदा करने के लिए रीको के प्रबंध निदेशक श्री नवीन महाजन और फिक्की, जयपुर कार्यालय, के निदेशक श्री ज्ञान प्रकाश की जमकर सराहना की। श्री महाजन ने मेले में मुहैया कराई गई सुविधाओं पर प्रतिभागियों की राय जानने के लिए यह बैठक बुलाई थी। उन्होंने वस्त्रा 2013 के आयोजन के बारे में भी सुझाव दिए।

मेले के तीसरे दिन भी प्रदर्शकों को जमकर कारोबार और सौदा करते देखा गया। लीला श्याम एक्सपोर्ट्स, पुष्कर, अजमेर, के श्री राजू खत्री ने कहा कि मेले में खरीदार उमड़ पड़े हैं और उनके लिए हर किसी से बात करना संभव नहीं रहा गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे छह आर्डर मिल चुके हैं और कम से कम 20 नमूने प्रदान किए जा चुके हैं।''

कृपया अधिक जानकारी के लिए इनसे संपर्क करें :

श्री रंजीत मोंगा

91—9811207293